UP Board Solutions for Class 8 Hindi Chapter 28 आचार्य विनोबा भावे (महान व्यक्तित्व)

अभ्यास-प्रश्न

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए
प्रश्न 1.
विनोबा जी के सर्वोदय सिद्धांत को आशय लिखिए।
उत्तर :
विनोबा जी के सर्वोदय सिद्धांत का आशय स्वशासन और स्वावलम्बन था।

प्रश्न 2.
विनोबा जी ने आर्थिक विकास का आधार किसे और क्यों बताया है?
उत्तर :
विनोबा जी ने आर्थिक विकास का आधार अपरिग्रह (त्याग) बताया है क्योंकि इसमें ही धने का समान वितरण सम्भव है।

प्रश्न 3.
भूदान आन्दोलन को क्या उद्देश्य था?
उत्तर :
भूदान आन्दोलन का उद्देश्य भूमिहीन को बड़े किसानों की भूमि का कुछ हिस्सा दिलाना था।

प्रश्न 4.
विनोबा जी कैसी बराबरी चाहते थे? आपकी नजर में समता का क्या मतलब है?
उत्तर :
विनोबा जी ऐसी बराबरी चाहते थे जिसमें योग्यता के अनुसार सभी का आकलन हो। गणित की बराबरी दैनिक व्यवहार के लिए व्यावहारिक नहीं है। हम विनोबा जी के विचार से सहमत हैं।

प्रश्न 5.
"जितना कमाओ – उतना खाओ' विनोबा जी के इस कथन का क्या मतलब है।
उत्तर :
'जितना कमाओ – उतना खाओ' का मतलब है स्वावलम्बन और दूसरों का मुँह न ताकना।

प्रश्न 6.
रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए (पूर्ति करके)

1. विनोबा जी में आलस्य लेशमात्र भी नहीं था।
2. लोगों की सेवा करना विनोबा का धर्म बन गया था।
3. विनोबा जी का कहना था कि केवल पाठशाला की शिक्षा पर निर्भर नहीं रहा जा सकता है।
4. दिन भर पाप करके, झूठ बोलकर प्रार्थना नहीं होती।